वेबसाइटः www.bankofbaroda.in

ईमेल: corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई **दिनांक**: 15.01.2024

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने शुरू की बॉब 360 - एक अल्पकालिक जमा योजना

एक विशेष घरेलू रिटेल मीयादी जमा योजना जो जमाकर्ताओं को 1 वर्ष से कम परिपक्वता की जमा राशि पर बड़े बैंकों के बीच सबसे आकर्षक ब्याज दरें प्रदान करती है।

360 दिनों के लिए 7.10% प्रति वर्ष की दर से कमाएं; वरिष्ठ नागरिकों के लिए दर 7.60% प्रति वर्ष

15 जनवरी, 2024: भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज एक विशेष अल्पकालिक रिटेल जमा योजना **'बॉब 360 जमा योजना'** शुरू करने की घोषणा की है जो 360 दिनों के लिए 7.60% प्रति वर्ष तक उच्च ब्याज दर ऑफर कर रही है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50% प्रति वर्ष अतिरिक्त ब्याज दर शामिल है। यह योजना 15 जनवरी, 2024 को शुरू होगी और 2 करोड़ रुपये से कम की रिटेल जमाओं पर लागू होगी।

बड़े बैंकों के बीच, 1 वर्ष से कम परिपक्वता की सावधि जमा के लिए यह जमाकर्ताओं को ऑफर की जा रही सबसे आकर्षक दरों में से एक है।

बॉब 360 जमा योजना दिनांक 15.01.2024 से लागू		
अवधि	निवासी / जन सामान्य / एनआरओ	निवासी भारतीय के वरिष्ठ नागरिक
360 दिन	%7.10प्रति वर्ष	%7.60प्रति वर्ष

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री जयदीप दत्ता राय ने कहा, "बॉब 360 उन जमाकर्ताओं के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है जो कम समय अवधि के लिए उच्च ब्याज दरों और सुनिश्चित रिटर्न की तलाश में हैं। साथ ही, बॉब 360 बैंक को अल्पकालिक रिटेल सावधि जमा में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और जमा की लागत के प्रभावी प्रबंधन में मदद करेगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक पूरे भारत में बैंक की किसी भी शाखा के माध्यम से बॉब 360 खोल सकते हैं, जबकि बैंक के नेट बैंकिंग (बॉब वर्ल्ड इंटरनेट) प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन एफडी

भी खोल सकते हैं। मौजूदा ग्राहक मोबाइल ऐप (बॉब वर्ल्ड) के माध्यम से ऑनलाइन एफडी भी खोल सकते हैं।